भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †79

सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

भारत के पर्यटन क्षेत्र का मूल्यांकन

†79. श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि पर्यटन संवर्धन और अवसंरचना पर पर्याप्त व्यय के बावजूद, भारत का पर्यटन क्षेत्र कई अन्य देशों की तुलना में अपनी पूर्ण क्षमता प्राप्त नहीं कर पाया है;

(ख) क्या सरकार ने अवसंरचना, कनेक्टिविटी, आगंतुक सुविधाओं, संवर्धन और यात्रा की सुगमता में कमियों की पहचान करने के लिए अग्रणी वैश्विक पर्यटन स्थलों के साथ भारत के पर्यटन क्षेत्र का कोई तुलनात्मक मूल्यांकन किया है;

(ग) क्या सरकार का वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार करने और उसे लागू करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा और अपेक्षित परिणामों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय क्रमशः आप्रवासन ब्यूरो (बीओआई) और राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा प्रदान किए गए अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन (आईटीए) और घरेलू भ्रमण (डीटीवी) संबंधी आंकड़ों का रख रखाव करता है। आईटीए में वर्ष 2014 में 1.31 करोड़ की तुलना में वर्ष 2024 में 2.06 करोड़ की वृद्धि हुई है, जो 56.93% की वृद्धि दर्शाती है। इसी तरह, डीटीवी में भी वर्ष 2014 में 128.28 करोड़ की तुलना में वर्ष 2024 में 294.53 करोड़ की वृद्धि हुई है, जो 129.60% की वृद्धि दर्शाती है। यह आंकड़ा पिछले दशक के दौरान पर्यटकों की संख्या में हुए पर्याप्त सुधार को दर्शाता है।

संयुक्त राष्ट्र के नवीनतम विश्व पर्यटन बैरोमीटर के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन में भारत की वैश्विक हिस्सेदारी वर्ष 2014 में 1.15% से बढ़कर वर्ष 2024 में 1.41% हो गई है। आईटीए के संदर्भ में, शीर्ष 5 देशों के अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई) 2024 में, भारत की स्थिति में काफी सुधार हुआ है, जहां इसने 119 देशों में से विश्व स्तर पर 39वां स्थान हासिल किया (2013 में 65वां स्थान) और सार्क देशों में पहला स्थान हासिल किया।

तुलनात्मक आकलन करने और संरचनात्मक बाधाओं की पहचान करने के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने डेटा अंतराल, कार्यप्रणाली संबंधी कमियों और नीति एवं संस्थागत पहलों की आवश्यकता वाले क्षेत्रों को चिह्नित करने के लिए टीटीडीआई 2024 संस्करण का विस्तृत विश्लेषण किया है।

इसके अलावा, इस मंत्रालय ने एक प्रतिस्पर्धी "राज्य पर्यटन प्रदर्शन कार्यढांचा" भी तैयार किया है, जिससे राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को अपने पर्यटन क्षेत्र में कमियों की निष्पक्ष रूप से पहचान करने और अवसंरचना, कनेक्टिविटी और आगंतुक संबंधी सुविधाओं में सुधार के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रेरित करने की सुविधा मिलती है, जो अंततः वैश्विक रैंकिंग में भारत की समग्र स्थिति में और सुधार करेगी।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय भारतीय मिशनों, राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन तथा यात्रा व्यापार उद्योग के सहयोग से देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न पहल कर रहा है। मंत्रालय विभिन्न वैश्विक यात्रा व्यापार प्रदर्शनियों और मार्ट में भागीदारी, विदेशी टूर ऑपरेटरों, मीडिया कर्मियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के लिए परिचायक यात्राओं का आयोजन, विदेशों में भारत खाद्य महोत्सवों का आयोजन, स्थानीय टूर ऑपरेटरों और उद्योग हितधारकों के साथ व्यापार कार्यक्रमों का आयोजन, सोशल मीडिया जनसंपर्क के माध्यम से पर्यटन स्थलों, उत्पादों और महोत्सवों का प्रचार आदि जैसी कई गतिविधियां कर रहा है।

*****

अनुबंध

श्री बजरंग मनोहर सोनवणे द्वारा भारत के पर्यटन क्षेत्र का मूल्यांकन के संबंध में दिनांक 20.07.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †79 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

शीर्ष 5 देशों के देश-वार अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन (आईटीए)

रैंक	**देश**	**अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन (मिलियन में)**		**% हिस्सेदारी**		**परिवर्तन का प्रतिशत**
		2014	**2024**	**2014**	**2024**	
1	फ्रांस	83.7	102.0	7.36	6.98	21.9
2	स्पेन	64.9	93.8	5.71	6.42	44.5
3	अमेरिका	75.0	72.3	6.60	4.95	-3.6
4	तुर्की	39.8	60.6	3.50	4.15	52.3
5	इटली	48.6	57.7	4.27	3.95	18.7
	भारत	13.1	20.6	1.15	1.41	57.3

स्रोत: संयुक्त राष्ट्र का विश्व पर्यटन बैरोमीटर, 2026

*****